# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–16 जुलाई 2026 सान्ध्य समाचार

भारत में पर्यावरण अनुकूल और सतत रेल आवाजाही को बढावा देने के लिए हाइड्रोजन से चलने वाली पहली रेलगाडी की शुरूआत कल से होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन पर इसे रवाना करेंगे। यह रेलगाड़ी जिंद और सोनीपत के बीच चलेगी।

***देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू होने से रेलवे अब स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल सफर की ओर एक नई शुरुआत कर रहा है। इसमें तीन हजार दो सौ हॉर्स पावर का इंजन लगाया गया है, जो इसे दुनिया की सबसे ताकतवर, हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक बनाता है। इस ट्रेन में दस डिब्बे हैं, जिससे यह दुनिया की सबसे लंबी, हाइड्रोजन से चलने वाली, यात्री ट्रेनों में शामिल हो जायेगी। यह ट्रेन जींद–सोनीपत रेलखंड पर 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। ग्रीन हाइड्रोजन के इस्तेमाल से कोयले जैसे जीवाश्म ईंधन से बनने वाली बिजली पर निर्भरता कम होगी। इसके अलावा पर्यावरण की रक्षा होगी और देश को स्वच्छ परिवहन की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। इस ट्रेन के शुरू होने के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों दृ जर्मनी, जापान, चीन और अमेरिका की सूची में शामिल हो जाएगा, जो रेलवे में साफ और हरित तकनीक के लिए हाइड्रोजन का उपयोग कर रहा है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आज विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 के अंतर्गत पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। एक रिपोर्ट–

***सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड के लगभग 500 ग्राम पंचायत प्रधानों ने भाग लिया और ग्रामीण विकास, सुशासन और सशक्त पंचायतों के निर्माण पर व्यापक विचार–विमर्श किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव आत्मनिर्भर और सशक्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता गांवों तक विकास की हर योजना का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को अधिक सक्षम, जवाबदेह और विकासोन्मुख बनाना है। सम्मेलन में पंचायतों की संस्थागत तैयारी, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्राम स्तर पर पारदर्शी एवं उत्तरदायी शासन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम के तहत 9वीं कक्षा में तीसरी भाषा शुरू करने पर चिंता जताई और कहा कि इससे विद्यार्थियों में तनाव बढ़ेगा। न्यायालय ने सुझाव दिया है कि इसे 5वीं या छठी कक्षा में शुरू किया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी इसे आसानी से अपना सकें। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने केंद्र सरकार से कहा कि वे 9वीं कक्षा से तीसरी भाषा शुरू न करें।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वृद्ध या असाध्य रोग से ग्रसित कैदियों की शीघ्र या समय से पहले रिहाई के लिए व्यापक नीति बनाने और लागू करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने देश भर में ऐसे मामलों पर विचार के लिए एकसमान तंत्र सुनिश्चित करने के संबंध में नीति को तीन महीने के भीतर अधिसूचित करने का आदेश दिया।

**********

मिर्जापुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के कुदारन गांव में एक अनियंत्रित ट्रक से हुए हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हैं। मिर्जापुर के पुलिस अधीक्षक–ऑपरेशन ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया है।

***एक ट्रक जो वाराणसी से सोनभद्र के मार्ग पर जा रहा था कुदारन चौराहे के पास आगे का टायर फटने के कारण से अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा है। जिसमें 4 से 5 लोगों के दबे हुए होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू की कार्रवाई करने लगी। जिसमें तीन लोगों की दुखद मृत्यु हुई है एवं दो लोग गंभीर रूप से घायल थे।***

**********

प्रदेश में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियों का जल स्तर बढ़ने लगा है। अयोध्या में सरयू नदी का जलस्तर बीते 24 घंटे में 40 सेंटीमीटर बढ़ गया है और नदी चेतावनी बिंदु के बेहद करीब पहुंच गई है। वहां के प्रशासन ने एहतियात के तौर पर बाढ़ से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। बारिश के कारण बाराबंकी में घाघरा, कानपुर में गंगा और कुशीनगर में गंडक नदी के जल स्तर में बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं देवरिया में भी सरयू नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है।

**********